भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *49

जिसका उत्तर दिनांक 02.12.2021 को दिया जाना है

एनपीसीआईएल की विद्युत उत्पादन क्षमता

49. श्री के. आर. एन. राजेश कुमार :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) की तमिलनाडु के कुडनकुलम और कल्पक्कम में स्थित इकाइयों द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान उत्पादित विद्युत का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य को कितने यूनिट विद्युत का संवितरण किया गया;

(ग) इस संवितरण में तमिलनाडु सरकार और केन्द्रीय सरकार की कितने-कितने प्रतिशत हिस्सेदारी है;

(घ) क्या तमिलनाडु सरकार ने और अधिक विद्युत आवंटन किए जाने का अनुरोध किया है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इस अनुरोध पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) से (ङ) सदन के पटल पर विवरण प्रस्तुत है ।

******

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

"एनपीसीआईएल की विद्युत उत्पादन क्षमता" के संबंध में श्री के. आर. एन. राजेश कुमार द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *49, जिसका उत्तर दिनांक 02.12.2021 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) की कुडनकुलम और कल्पाक्कम में स्थित यूनिटों में उत्पादित की जा रही बिजली का वर्ष-वार विवरण निम्नलिखित है :

मिलियन यूनिटों (एमयू) में उत्पादित (एक्स बस) ऊर्जा			
वर्ष	**कुडनकुलम यूनिट-1**	**कुडनकुलम यूनिट-2**	**एमएपीएस, कल्पाक्कम**
2018-19	2468.48	2930.40	1118.51
2019-20	6575.17	3573.32	1451.99
2020-21	5157.76	5861.44	1348.66
2021-22 (अप्रैल से अक्टूबर, 2021)	3081.85	3991.45	326.23

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में स्थित एनपीसीआईएल की उत्पादन यूनिटों से सरकार द्वारा तमिलनाडु को वितरित यूनिटों का विवरण निम्नलिखित है :

मिलियन यूनिटों (एमयू) में तमिलनाडु को वितरित ऊर्जा			
वर्ष	**कुडनकुलम यूनिट-1**	**कुडनकुलम यूनिट-2**	**एमएपीएस, कल्पाक्कम**
2018-19	1541.73	1715.48	870.25
2019-20	3886.53	2040.99	1085.45
2020-21	3097.02	3331.75	1021.76
2021-22 (अप्रैल से अक्टूबर, 2021)	1838.15	2263.13	237.81

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कुडनकुलम और कल्पाक्कम (तमिलनाडु में स्थित) की एनपीसीआईएल की उत्पादन यूनिटों से तमिलनाडु (टीएन) को बिजली के वितरण में तमिलनाडु सरकार और संघ सरकार के हिस्से का प्रतिशत निम्नलिखित है :

प्रतिशत (%) हिस्सा						
वर्ष	**कुडनकुलम यूनिट-1**		**कुडनकुलम यूनिट-2**		**एमएपीएस, कल्पाक्कम**	
	टीएन का निश्चित हिस्सा	**अनाबंटित कोटा से टीएन का हिस्सा ***	**टीएन का निश्चित हिस्सा**	**अनाबंटित कोटा से टीएन का हिस्सा ***	**टीएन का निश्चित हिस्सा**	**अनाबंटित कोटा से टीएन का हिस्सा ***
2018-19	46.25	12.67	46.25	10.00	74.32	0.73
2019-20	46.25	12.68	46.25	10.00	74.32	0.74
2020-21	46.25	12.65	46.25	10.00	74.32	0.88
2021-22 (अप्रैल से अक्टूबर, 2021)	46.25	12.65	46.25	10.00	74.32	0.88

*** संघ सरकार द्वारा अनाबंटित विद्युत का आबंटन**

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) उपरोक्त (घ) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता ।

******